दिनांक—29.07.2024 समय—7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :—

- प्रदेश सरकार बाढ़ के संकट से निपटने के लिए सतर्क। मुख्यमंत्री ने राज्य बाढ़ कंट्रोल रूम का किया दौरा।
- अंतर राश्ट्रीय बाघ दिवस पर आज कई कार्यक्रमों का आयोजन। भोपाल में होगा राज्यस्तरीय कार्यक्रम।
- सावन माह के दूसरे सोमवार को आज सुबह से शिवमंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी।
- भारत ने दूसरे टी—20 मैच में श्रीलंका को सात विकेट से हराया, सीरीज में 2—0 की ली अजेय बढ़त।

बाढ़ मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल देर रात राज्य बाढ़ कंट्रोल रूम पहुंचकर प्रदेश के जिलों में अति वर्षा की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि ऐसे स्थान जहां भी पुल के ऊपर पानी बह रहा हो तो वहां नागरिकों को नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बांधों के गेट खुलने की स्थिति में सतर्क रहें। जो क्षेत्र जलमग्न हो सकते हैं वहां आवश्यक सावधानी रखी जाए। मुख्यमंत्री भोपाल स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण कर कार्य प्रणाली की जानकारी प्राप्त की। पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा किए जा रहे कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि वरिष्ठ अधिकारी सभी स्थितियों पर निरंतर नजर रखें। आवश्यकता हो तो हेलीकॉप्टर की व्यवस्था भी ऐसे क्षेत्र के लिए रखी जाए।

बारिश/मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है जिससे नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। भोपाल में कल एक दिन में एक इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई यहां कोलार डैम के दो गेट खोलने पड़े है। वहीं बड़ा तालाब में भी जलस्तर पूरी क्षमता के नजदीक पहुंच गया है। जलबलपुर के रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के जल स्तर को नियंत्रित करने आज दोपहर एक बजे इक्कीस में से सात गेट को खोला जायेगा। परियोजना प्रशासन ने अलर्ट जारी कर बांध के निचले क्षेत्र के निवासियों से नर्मदा तट एवं घाटों से सुरक्षित दूरी बनाये रखने की अपील की है।

कार्यपालन यंत्री ने बताया कि बांध के जलद्वार खोले जाने से नर्मदा के जलस्तर में 8 से 10 फुट की बढ़ोतरी होगी। उन्होंने बांध के निचले क्षेत्र के निवासियों से नर्मदा तट से सुरक्षित दूरी बनाए रखने तथा डूब क्षेत्र में प्रवेश न करने का अनुरोध किया है। इस बीच मौसम विभाग ने भोपाल, सीहोर सहित 22 जिलों में आज भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इंदौर जिले में कल दिन भर कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश होती रही, जिले में लगभग साढ़े 13 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई है।

बाघ दिवस

आज अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह प्रदेश का सौभाग्य है कि मध्यप्रदेश सर्वाधिक बाघ वाला प्रदेश है। प्रदेश में बाघों की आबादी बढ़कर 785 पहुँच गई है, यह गर्व की बात है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। डॉ. यादव ने कहा है कि वन्य प्राणियों की सुरक्षा का कार्य अत्यंत मेहनत और परिश्रम का है। समुदाय के सहयोग के बिना वन्य प्राणियों की सुरक्षा संभव नहीं है। मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर जंगलों में बाघों के भविष्य को सुरक्षित करने और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लेने का आहवान किया है। मुख्यमंत्री आज भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। वन एवं पर्यावरण मंत्री राम निवास रावत कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे और वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार विशिष्ट अथिति होंगे। यहां वन्यप्राणी और वन विभाग के अधिकारी–कर्मचारी और बाघ प्रेमीजन उपस्थित रहेंगे।

पीएम–भाजपा मुख्यमंत्री बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा की। श्री मोदी ने सभी को अपने–अपने राज्यों में शासन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कई सुझाव दिए और कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर वितरण के लिए संदेश देने पर बल दिया। यह बात श्री मोदी ने कल नई दिल्ली में भाजपा मुख्यमंत्री परिषद की दो दिवसीय बैठक में कही। इस बैठक का उद्देश्य शासन और कल्याणकारी पहलों की समीक्षा करना था।

देवास–अमृत संचय अभियान

प्रदेश के मालवा क्षेत्र में पेयजल संकट से निपटने के लिए देवास जिले में अमृत संचय अभियान चलाकर वर्षा जल को सहेजने का काम शुरू किया गया है। इस अभियान में बारिश के जल को सीधे धरती में उतारने के लिए रूफ वाटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जा रहे है। रूफ वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक बनाने वाले भू जल वैज्ञानिक डॉ सुनील चतुर्वेदी ने आकाशवाणी को बताया कि –

सावन सोमवार

श्रावण मास के दूसरे सोमवार आज सुबह से ही प्रदेश के शिवमंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी है। उज्जैन और ओम्कारेश्वर में दर्शन करने वालों के लिए विशेष व्यस्थाएं की गई है। उज्जैन में भगवान महाकालेश्वर की दूसरी सवारी धूमधाम से निकाली जाएगी। सवारी के दौरान भगवान महाकालेश्वर पालकी में चंद्रमौलेश्वर के रूप में तथा हाथी पर मनमहेश के रूप में विराजित होकर अपने भक्तों को दर्शन देंगे। मंदिर समिति के प्रशासक ने बताया कि भगवान महाकाल की सवारी निकलने के पूर्व महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप में दोपहर साढ़े तीन बजे भगवान चन्द्रमौलेश्वर का विधिवत पूजन–अर्चन होगा। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा पालकी में विराजित भगवान को सलामी दी जावेगी। उसके बाद सवारी परंपरागत मार्गों से होती हुई रामघाट पहुंचेगी। सवारी का सजीव प्रसारण मंदिर प्रबंध समिति के फेसबुक पर किया जाएगा। सवारी में जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के माध्यम से जनजातीय कलाकारों का दल भी सहभागिता करेगा। धार में शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। कावड़ यात्राऐ भी निकाली जा रही है। प्रसिद्ध धरेश्वर मंदिर सहित जिलें भर के अनेक शिव मंदिरो में श्रद्धालुओं का सुबह से ही तांता लगा हुआ है। मंदसौर में नवागत कलेक्टर अदिति गर्ग ने भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन किए तथा पूजन अर्चन किया। आगरमालवा, खंडवा सहित कई अन्य जगहों से भी शिव मंदिरों में पूजा अर्चना के समाचार है।

क्रिकेट–भारत–श्रीलंका

श्रीलंका के साथ तीन टी–20 मैचों की श्रृंखला में भारत ने 2–0 की अजेय बढत ले ली है। कल रात श्रीलंका के पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में वर्षा बाधित दूसरे टी–20 मैच में डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर भारत ने श्रीलंका को 7 विकेट से हराया। भारत ने पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। श्रीलंका ने निर्धारित बीस ओवर में नौ विकेट पर 161 रन बनाए। जवाब में भारत की पारी संशोधित करनी पडी और जीत का लक्ष्य आठ ओवर में 78 रन कर दिया गया। भारत ने 6 ओवर और 3 गेंद में 81 रन बनाकर मैच जीत लिया। रवि विश्नोई को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

तीसरा और अंतिम मैच कल पल्लेकेले स्टेडियम में ही खेला जाएगा। इसके बाद कोलंबों में तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला होगी।

समाचार संक्षेप में .....

अभिभावकों को रियायती और प्रतिस्पर्धी दरों पर बच्चों की स्कूल यूनिफार्म उपलब्ध कराने कलेक्टर की पहल पर जबलपुर के लेमा गार्डन गोहलपुर गारमेंट क्लस्टर में लगाये गये पाँच दिवसीय यूनिफार्म मेले में बड़ी संख्या में अभिभावक बच्चों के साथ पहुँच रहे हैं।

कटनी मे  ढीमरखेड़ा क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त गांवों के प्रभावित परिवारों को प्रति परिवार 50 किलो ग्राम अनाज का वितरण जारी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि अनुमानित 1561 परिवारों के लिए कुल 783 क्विंटल अनाज वितरण का का कार्य पिछले दो दिनों से जारी है।

सतना जिले में एनीमिया की जाँच को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। गर्भवती महिलाए अपनी हीमोग्लोबिन जांच के साथ–साथ खान–पान का विशेष ध्यान रखें। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान एनीमिया होने पर महिलाओं को विशेष सावधानी बरतें।

गुना में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा 34,000 लीटर शराब के अवैध परिवहन में जप्त वाहन टैंकर को शासन पक्ष में राजसात करने के आदेश जारी किये गये हैं।

.....................................